वार्ड क्र. 31 में विकास कार्य का भूमिपूजन किया महापौर ने

कोरबा 22 नवम्बर 2020 —महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 31 खरमोरा दादर सामुदायिक भवन के पास कराए जाने वाले विकास व निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण की गरिमायमी उपस्थिति रही।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 31 खरमोरा दादर सामुदायिक भवन के समीप 04 लाख 62 हजार रूपये की लागत से निर्माण व विकास का कार्य किया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। उन्होने उक्त निर्माण कार्य हेतु पूजा अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के सतत मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में विगत 06 वर्षो के दौरान ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का पांच वर्षो का कार्यकाल कोरबा के विकास में एवं जनसुविधाओं की बेहतरी की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। एक ओर जहां अरबों रूपये के विकास कार्य कराए गए हैं, वहीं दूसरी ओर पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित बरसों से व्याप्त समास्याओं का समूल निराकरण किया गया है। उन्होने आगे कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण निगम के विकास कार्यो में अवरोध अवश्य आया था किन्तु अब वार्ड एवं बस्तियों में क्रमशः विकास कार्य कराए जा रहे हैं, मेरा निरंतर प्रयास है कि वार्ड पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की इच्छा एवं क्षेत्र की जनता की मांग व उनकी आवश्यकता के अनुरूप सभी वार्ड एवं बस्तियों में समान रूप से विकास कार्य हों, समस्याओं का त्वरित निराकरण हों तथा क्षेत्र के नागरिकों को निगम से संबंधित सेवाओं व सुविधाओं के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्री प्रसाद ने केशरवानी वैश्य कल्याण समिति द्वारा आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पालूराम साहू, फूलचंद सोनवानी, एल्डरमेन आरिफ खान, पूर्व नेताप्रतिपक्ष अर्चना उपाध्याय एवं मुकेश राठौर, पूर्व पार्षद देवीदयाल

सोनी, अरूण यादव, शमसाद बेगम, वंदना मसीह, राजमति, नाफिसा हुसैन, रजा अनवर, द्वारिका प्रसाद केशरवानी, आनंद गुप्ता, बी.पी.केशरवानी, जयप्रकाश केशरवानी, निलेश गुप्ता, टी.पी.केशरवानी, सुषमा गुप्ता, रमा गुप्ता, प्रीति केशरवानी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।